# मानव संसाधन विकास मंत्रालय
## (भारत सरकार)
## को
# योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, भोपाल के लिए निदेशक की आवश्यकता है

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, भोपाल, राष्ट्रीय महत्व की संस्था में निदेशक के पद की नियुक्ति के लिए **65 वर्ष** की आयु से कम उपयुक्त अभ्यर्थियों से पाँच वर्षो की अवधि के लिए संविदा के आधार पर स्कूल के नियमों के तहत देय अन्य भत्तों के साथ 5000/– रु. के विशेष भत्ते सहित 75000/– रु. के वेतनमान में आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन निर्धारित फार्मेट, सादे कागज पर टाइप किया हुआ हो, जिसमें विस्तृत शैक्षिक और व्यावसायिक अर्हताओं और अनुभव के साथ पूर्ण जीवन–वृत्त दिया गया हो, जिसे पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा **सहायक शिक्षा सलाहकार (दूरस्थ अध्ययन), उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कमरा नं. 105, 'डी' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली** – 110115 को भेजा जाना चाहिए। आवेदन रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशित होने की तिथि से 4 सप्ताह के भीतर आवश्यक रूप से पहुँचना चाहिए। सरकारी विभाग/स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करना चाहिए। **आवेदन के फार्मेट सहित पूर्ण ब्यौरे www.mhrd.gov.in और www.spabhopal.ac.in पर उपलब्ध हैं। जिन्होंने वर्ष 2014 में विज्ञापन के उत्तर में पहले आवेदन किया था उनसे भी नए सिरे से आवेदन करना अपेक्षित है।**

**(वेबसाइट पर डाला जाने वाला भाग)**

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**

(भारत सरकार)

**नई दिल्ली-110115**

**को**

**योजना तथा वास्तुकला विद्यालय(एसपीए), भोपाल**
**के लिए निदेशक की आवश्यकता है**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, भोपाल, राष्ट्रीय महत्व के संस्थान में निदेशक के पद की नियुक्ति के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों से नियमों के तहत देय अन्य भत्तों के साथ 5000/- रू. के विशेष भत्ते सहित 75000/-रू. के वेतनमान में आवेदन आमंत्रित हैं। यह नियुक्ति पॉच वर्षों की अवधि के लिए संविदा के आधार पर की जाएगी। निदेशक एसपीए अधिनियम, 2014 और केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किसी भी निर्देश द्वारा अभिशासित होगा।

1. शैक्षिक अर्हताएं :

i) **वास्तुकला/योजना की उपयुक्त शाखा में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष अर्हता; और**

ii) **वास्तुकला/योजना की उपयुक्त शाखा में पीएच.डी डिग्री।**

**या**

**पीएच.डी के समकक्ष उल्लिखित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कार्य। (i), (ii) के अतिरिक्त अभ्यर्थी को इस क्षेत्र में विख्यात व्यक्ति होना चाहिए।**

2. अनुभव:

**शिक्षण/उद्योग/अनुसंधान में 15 वर्षों का अनुभव, जिनमें से 5 वर्ष प्रोफेसर या वास्तुकला/योजना में उससे ऊपर के स्तर के होने चाहिए। उसे इस क्षेत्र का विख्यात व्यक्ति होना चाहिए।**

**वांछनीय : उत्तरदायित्व के पद पर प्रशासनिक अनुभव।**

3. उद्योग और व्यवसाय के अभ्यर्थियों के लिए अर्हता एवं अनुभव :

**वास्तुकला/योजना की उपयुक्त शाखा में प्रथम श्रेणी में स्नातक/स्नातकोत्तर डिग्री के साथ उद्योग/व्यवसाय के अभ्यर्थी**

**और**

**व्यवसायिक कार्य जो पीएच.डी डिग्री के समकक्ष महत्वपूर्ण हो और जो मान्यता प्राप्त हो तथा 15 वर्षों का अनुभव, जिनमें से प्रोफेसर की तुलना में वरिष्ठ स्तर पर कम से कम 5 वर्ष वाले भी पात्र होंगे।**

**या**

**केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य प्रशासन या सार्वजनिक उपक्रम के तहत नियमित आधार पर संयुक्त सचिव, भारत सरकार के समकक्ष पद पर कार्यरत अधिकारी जिसमें प्रबंध तकनीकी शिक्षा प्रणाली में 5 वर्षों का अनुभव भी हो।**

**या**

**शैक्षिक संगठनों के विश्वविद्यालय अनुसंधान संस्थान के अधिकारी जो 16400-22400 (पूर्व संशोधित) [संशोधित : पीबी-4, 37400-67000+10,000 रू. एजीपी] के ग्रेड में कम से कम 10 वर्षों की नियमित सेवा के साथ केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार के पद या समकक्ष से नीचे के न हों।**

**वांछनीय : उत्तरदायित्व के पद पर प्रशासनिक अनुभव।**

4. **आयु : अभ्यर्थी 65 वर्ष की आयु से कम होना चाहिए।**

5. आवेदन निर्धारित फार्मेट, सादे कागज पर टाइप किया हुआ हो, जिसमें विस्तृत शैक्षिक और व्यावसायिक अर्हताओं और अनुभव के साथ पूर्ण जीवन-वृत्त दिया गया हो, जिसे पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा **सहायक शिक्षा सलाहकार (दूरस्थ अध्ययन), उच्चतर शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, कमरा नं. 105, 'डी' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110115** को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आवेदन रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 4 सप्ताह के अंदर प्राप्त होना चाहिए। सरकारी विभाग/स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक सेक्टर के उपक्रम में कार्यरत व्यक्तियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करना चाहिए।

# <u>प्रोफार्मा</u>

1. नाम (बड़े अक्षरों में) :

2. पिता/पति का नाम :

3. पत्राचार का पता (बड़े अक्षरों में) :
(कार्यालय) :
(आवासीय) :

4. ई-मेल आईडी :

5. राष्ट्रीयता :

6. जन्मतिथि : आयु :

7. शैक्षिक अर्हता (मैट्रिक से) प्रतिशत अंक, उत्तीर्ण करने के वर्ष और बोर्ड/विश्वविद्यालय जहां से उत्तीर्ण किया गया हो, के विवरण की सत्यापित प्रतियों के साथ तालिकाबद्ध :

8. विशेषज्ञता क्षेत्र :

9. पिछले रोजगार का कालक्रमानुसार ब्यौरा (हाल ही के वर्षों से प्रारंभ करके) दायित्वों और लिए गए वेतन और अनुभव के ब्यौरे सहित :

10. प्रशासनिक अनुभव का ब्यौरा :

11. प्रकाशनों का ब्यौरा :

12. संदर्भ देने वाले दो व्यक्तियों का नाम और पता: (अभ्यर्थी से संबंधित न हो)

13. कोई अन्य उपयुक्त जानकारी, यदि हो तो:

**घोषणा :** मैं एतद्द्वारा यह प्रमाणित करता हूं कि उपर्युक्त जानकारी मेरी समझ और विश्वास से सही और पूर्ण है और इसमें कुछ भी भ्रान्त/गुप्त नहीं रखा गया है।

दिनांक :
स्थान :

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)